एनडीआईएस वर्कफोर्स कैपेबिल्टी फ्रेमवर्क:
भर्ती और चयन संसाधन

NDIS Workforce Capability Framework: Recruitment and Selection Resources

Hindi | हिन्दी

एनडीआईएस वर्कफोर्स कैपेबिलिटी फ्रेमवर्क (फ्रेमवर्क) एनडीआईएस के तहत वित्त पोषित सभी श्रमिकों से अपेक्षित दृष्टिकोण, कौशल और ज्ञान का वर्णन करता है। यह स्पष्ट, व्यावहारिक उदाहरण प्रदान करता है और एनडीआईएस सेवाओं और समर्थन प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों के लिए 'अच्छी स्थितियाँ कैसी दिखाई देती हैं' की एक साझा भाषा स्थापित करता है।

भर्ती और चयन संसाधन फ्रेमवर्क का उपयोग करके भर्ती प्रक्रिया का आयोजन करने के तरीके पर सलाह देते हैं। चरण-दर-चरण मार्गदर्शन और डाउनलोड करने योग्य टेम्पलेट दो संस्करणों में प्रदान किए जाते हैं, एक प्रदाताओं के लिए और एक प्रतिभागियों के लिए जो अपने स्वयं के श्रमिकों को नियुक्त करते हैं।

भर्ती प्रक्रिया के प्रत्येक चरण के लिए टेम्प्लेट और 'कार्य कैसे करें' मार्गदर्शन तक पहुंच होना प्रदाताओं या सहायक श्रमिकों को काम पर रखने वाले प्रतिभागियों के लिए मूल्यवान है। टेम्प्लेट और उदाहरण वास्तव में दिखाते हैं कि क्षमताओं के लिए कैसे भर्ती की जाए।

क्या उम्मीद करें

यह मार्गदर्शिका एनडीआईएस प्रदाताओं और प्रतिभागियों को फ्रेमवर्क को ध्यान में रखते हुए श्रमिकों की भर्ती और चयन करने का समर्थन करती है।

- **संरेखन करना:** फ्रेमवर्क के साथ अपनी भर्ती प्रक्रिया को संरेखित करें।
- **पता लगाना:** प्रक्रिया के प्रत्येक चरण के लिए युक्तियों और व्यावहारिक मार्गदर्शन तक पहुंच प्राप्त करें।
- **ऐक्सेस (पहुँच):** भर्ती प्रक्रिया का समर्थन करने के लिए संपादन योग्य टेम्पलेट डाउनलोड करें।

व्यवहार में गाइड:

प्रतिभागी: काइल स्व-प्रबंधित एनडीआईएस पैकेज के साथ अपने स्वयं के सहायक श्रमिकों को नियुक्त करता है। उसने भर्ती के लिए आगे बढ़ने से पहले अपनी अपेक्षाओं और अन्य प्रमुख जानकारी को निर्धारित करने के लिए पोज़ीशन डिस्क्रिपशन बिल्डर का उपयोग किया है, इसलिए वह उन क्षमताओं के बारे में स्पष्ट है जिनकी वह तलाश कर रहा है, लेकिन उसे यह पक्का पता नहीं है कि श्रमिकों की भर्ती के लिए क्या कदम उठाए जाएं या इंटरव्यू कैसे की जाए और सही श्रमिकों का चयन कैसे किया जाए।

वह भर्ती प्रक्रिया से गुजरने, इंटरव्यू के प्रश्नों को विकसित करने और अपनी आवश्यकताओं के अनुकूल श्रमिकों को खोजने के लिए **भर्ती और चयन संसाधनों** का उपयोग करता है। यह उसे ऐसे कुछ मुद्दों के बारे में सोचने में मदद करता है जिन पर उसने पहले विचार नहीं किया था। उदाहरण के लिए, वह अपने घर के बजाय एक कैफे में आवेदकों का इंटरव्यू लेने की व्यवस्था करता है और अपने भाई को जवाबों पर नज़र रखकर उसकी सहायता करने और आवेदकों पर दूसरा दृष्टिकोण देने के लिए उसके साथ बैठने के लिए कहता है।

प्रतिभागी: जेस एक सेवा प्रदाता के माध्यम से अपने श्रमिकों को नियुक्त करती है लेकिन उसकी सहायता टीम में किसे भर्ती किया जाता है, इसमें उसकी गहरी दिलचस्पी है। उसका प्रदाता उसे प्रक्रिया का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित करता है और वह प्रत्येक चरण की समझ प्राप्त करने के लिए **भर्ती और चयन संसाधनों** का उपयोग करती है ताकि वह यह तय कर सके कि वह कब और कैसे शामिल होना चाहती है।

वह प्रदाता के साथ उन मानदंडों के बारे में सहमत होती है जिनका प्रयोग वे आवेदनों को क्रमबद्ध करने के लिए करेंगे और वह अपने सेवा प्रदाता के HR और सेवा प्रबंधक के साथ इंटरव्यू पैनल और चयन प्रक्रिया में बैठने के लिए भी अपने प्रदाता के साथ सहमत होती है।

प्रदाता: एनडीआईएस केयर की एक नई विशेषज्ञ सहायता प्रदान करने की योजनाएँ हैं और वह नौकरी के लिए सर्वश्रेष्ठ श्रमिकों की भर्ती करना चाहते हैं, लेकिन उनके पास वर्तमान प्रक्रिया या टेम्पलेट्स नहीं हैं।

गाइड्स और टेम्प्लेट्स का उपयोग करते हुए, एनडीआईएस केयर एक भर्ती प्रक्रिया विकसित करता है जिसे आवश्यक विशेषज्ञ क्षमताओं के साथ-साथ मुख्य क्षमताओं और अन्य आवश्यकताओं के लिए आवेदक का आकलन करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस प्रक्रिया की सफलता के आधार पर, एनडीआईएस केयर ने अपनी भविष्य की सभी भर्ती आवश्यकताओं का समर्थन करने के लिए इस गाइड का उपयोग करने का निर्णय लिया है।

एनडीआईएस केयर ने भर्ती के लिए आगे बढ़ने से पहले स्पष्ट आवश्यकताओं को विकसित करने के लिए **कार्यबल प्रबंधन और योजना उपकरण (वर्कफोर्स मैनेजमेंट एंड प्लेनिंग टूल) और पोज़ीशन डिस्क्रिपशन टूल** का भी उपयोग किया है।

गाइड तक पहुँचना और उसका उपयोग करना

भर्ती और चयन संसाधन डाउनलोड करने योग्य संसाधनों और टेम्पलेट्स के साथ ऑनलाइन और ऑफ़लाइन उपलब्ध हैं। जैसे-जैसे आप भर्ती प्रक्रिया से गुजरते/ती हैं, गाइड का उपयोग संसाधन के रूप में किया जा सकता है। आप टेम्पलेट्स सहित सभी संसाधनों को एकल फ़ाइल के रूप में या अलग-अलग डाउनलोड कर सकते/ती हैं।

गाइड को ऐक्सेस करें: भर्ती और चयन संसाधन | एनडीआईएस वर्कफोर्स कैपेबिल्टी (ndiscommission.gov.au)

फ्रेमवर्क या इसके कार्यान्वयन के बारे में और अधिक जानकारी के लिए, इस वेबसाइट पर जाएँ:

https://workforcecapability.ndiscommission.gov.au/।

संपर्क: workforcecapability@ndiscommission.gov.au या 1800 035 554.